# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 22 फरवरी 2026

संवत 2082, फाल्गुन शुक्ल 6 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 163, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ ई-मेल मार्केटिंग में बना सकते हैं शानदार कॅरियर

फ्रांस में क्यों चलता है शाहरुख खान का जादू 6


# मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर में इलेक्शन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी का गाड़ी में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित डिस्पैच सेंटर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां इलेक्शन ड्यूटी में तैनात एक कर्मचारी का शव खड़ी गाड़ी के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निकाय चुनाव को लेकर मोरहाबादी मैदान में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों और चुनाव सामग्री को विभिन्न बूथों के लिए रवाना किया जा रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एक कर्मचारी काफी देर तक वाहन से बाहर नहीं निकला। सहकर्मियों को संदेह होने पर जब गाड़ी का दरवाजा खोला गया तो कर्मचारी अचेत अवस्था में मिला। तत्काल इसकी सूचना अधिकारियों और पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में किसी तरह की स्पष्ट बाहरी चोट के निशान की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

घटना के बाद डिस्पैच सेंटर में मौजूद अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। मृतक की पहचान और परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कर्मचारी की तबीयत पहले से खराब थी या घटना के पीछे कोई अन्य कारण है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## मॉब लिंचिंग: बैटरी चोरी के शक में युवक की पिटाई, अस्पताल ले जाते समय मौत



**झारखंडः** पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र में बैटरी चोरी के शक में एक युवक की ग्रामीणों द्वारा पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

मृतक की पहचान पवन राम के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में एक बैटरी चोरी होने की घटना के बाद कुछ ग्रामीणों को पवन राम पर शक हुआ। इसी संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया गया और कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पवन राम को अस्पताल भेजा गया। हालांकि, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि कानून को अपने हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

## जामताड़ा में खूनी संडे : दिनदहाड़े व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

### नाश्ता करने निकले व्यक्ति के मुंह में मारी 3 गोलियां, फिर हवाई फायरिंग कर हुए फरार

**जामताड़ाः** जामताड़ा के धर्मपुर गांव में रविवार सुबह अपराधियों ने दिनदहाड़े एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान धर्मपुर निवासी फुरकान अंसारी (45) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 8:30 बजे फुरकान अंसारी नाश्ता करने के लिए धर्मपुर मोड़ स्थित एक दुकान पर गये थे। इस दौरान तीन अपराधी अपाची बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे और उनके मुंह में तीन गोलियां दाग दी।

**वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर ने की हवाई फायरिंग :** गोली लगते ही फुरकान अंसारी गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने हवा में फायरिंग की और मौके पाकर फरार हो गये। घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल को जामताड़ा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए कर रही है छानबीनः जिले में दिनदहाड़े हुई इस हत्या से स्थानीय लोग सहमे हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ हमलावरों की पहचान और हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



## हाथियों ने चोगा गांव में मचाया उत्पाद

**सोनाहातू :** प्रखंड के जामुदाग पंचायत अंतर्गत चोगा गांव में दो हाथी प्रवेश के फसल का काफी नुकसान किया है। किसान सागर महतो,राजेश महतो,राजू महतो,सुफल कोइरी,विजय कोइरी, जितेंद्र कोइरी,मुकेश महतो,रितेश महतो के खेत में तैयार सब्जी फसल को मन भर खाया ओर नष्ट किया है। किसानों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दिया है। इधर हाथी के बढ़ते उत्पात को देखते हुए वन विभाग ने पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू के माध्यम में ग्रामीणों के बीच हाथी भागने के लिए फटाखे का वितरण किया गया।

### मन की बातः प्रधनमंत्री ने दिया सेफ्टी मंत्र

## डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए रहे सर्तक



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों से सतर्क रहने कहा आह्वान करते हुए कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन अभी भी कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अपराधी निर्दोष लोगों को निशाना बना रहे हैं। कई बार किसी वरिष्ठ नागरिक की जीवनभर की जमा-पूंजी ठग ली जाती है। कभी बच्चों की फीस के लिए बचाए गए पैसे गायब हो जाते हैं। कारोबारियों के साथ भी धोखाधड़ी की घटनाएं सामने आती हैं। ठग खुद को बड़ा अधिकारी बताकर फोन करते हैं और लोगों से निजी जानकारी मांग लेते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे फोन कॉल और संदेशों से सतर्क रहें।

उन्होंने अपने संबोधन में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) और फिर से केवाईसी के बारे में भी समझाया। उन्होंने कहा कि जब बैंक केवाईसी अपडेट करने के लिए कहते हैं, तो घबराने या नाराज होने की जरूरत नहीं है। यह आपके बैंक खाते की सुरक्षा के लिए होता है। आज पेंशन, सब्सिडी, बीमा और यूपीआई जैसी सुविधाएं बैंक खाते से जुड़ी हैं, इसलिए समय-समय पर केवाईसी अपडेट करना जरूरी है।

पीएम मोदी ने लोगों को चेतावनी दी कि ठग फर्जी कॉल, एसएमएस और लिंक भेजकर लोगों को धोखा देते हैं। इसलिए केवाईसी या फिर से केवाईसी केवल बैंक की शाखा, आधिकारिक ऐप या अधिकृत माध्यम से ही कराएं। उन्होंने किसी को भी ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खाते की जानकारी नहीं देने के साथ समय समय पर अपने पासवर्ड बदलते रहने की भी सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया था और अब यह जागरूकता अभियान पूरे साल चलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आरबीआई के संदेशों पर ध्यान दें और अपनी केवाईसी अपडेट रखें। उन्होंने ने कहा कि सही और समय पर केवाईसी कराने से खाता सुरक्षित रहता है। सशक्त नागरिक ही मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करते हैं।

### दिल्ली पुलिस ने नाकाम की बड़ी आतंकी साजिश

## तमिलनाडु से आईएसआई और बांग्लादेशी संगठनों से जुड़े 6 संदिग्ध गिरफ्तार



**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने देश को दहलाने की एक बड़ी आतंकी साजिश का पदार्फाश करते हुए तमिलनाडु से छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, ये संदिग्ध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के इशारे पर भारत में एक बड़े हमले की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबात, उमर, मोहम्मद लिटन, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जवल के रूप में हुई है। ये सभी असामाजिक और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में गहराई से लिप्त पाए गए हैं।

फर्जी पहचान के साथ कपड़ा उद्योग में कर रहे थे कामः पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि ये सभी आरोपी अपनी असली पहचान छिपाकर तमिलनाडु में रह रहे थे। इन्होंने फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे थे और इसी जाली पहचान के सहारे वे स्थानीय कपड़ा उद्योग में काम कर रहे थे ताकि किसी को उन पर शक न हो। पुलिस ने सटीक खुफिया इनपुट के आधार पर छापेमारी करते हुए दो आरोपियों को उथुकुली से, तीन को पल्लदम से और एक अन्य को तिरुमुरुगनपुंडी क्षेत्र से दबोचा है।

**सोशल मीडिया पर फैला रहे थे प्रोपेगेंडा, कई शहरों की रेकीः** आरोपी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों का समर्थन करने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय थे और लगातार भड़काऊ सामग्री पोस्ट कर रहे थे। पुलिस को शक है कि इन लोगों ने आतंकियों को लॉजिस्टिक और अन्य मदद मुहैया कराने के मकसद से देश के कई प्रमुख शहरों की रेकी भी की थी। इसके अलावा, दिल्ली में ह्यफ्री कश्मीरह्न के पोस्टर लगाने में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है, जिसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

**भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद, दिल्ली ला रही पुलिसः** गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इन संदिग्धों के पास से आठ मोबाइल फोन और 16 सिम कार्ड बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल वे सीमा पार बैठे अपने आकाओं से संपर्क साधने और साजिश रचने के लिए कर रहे थे। इन उपकरणों की फोरेंसिक जांच से नेटवर्क के कई और अहम खुलासे होने की उम्मीद है। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की टीम सभी छह आरोपियों को ट्रेन के जरिए गहन पूछताछ के लिए दिल्ली ला रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### प्रधानमंत्री ने मेरठ को दी बड़ी सौगात, 12 हजार 930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शुभारंभ, बोले-

## अब परियोजनाएं लटकती, भटकती नहीं

### मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**मेरठः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेरठ से 12930 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास परियोजाओं का शुभारंभ किया। इससे पहले पीएम मोदी ने शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और यहां से मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो का सफर किया।

पीएम मोदी आज दोपहर यहां पहुंचे थे। शताब्दी नगर मेरठ हेलीपैड पर प्रधानमंत्री का स्वागत करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। यहां से उन्होने दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर एवं मेरठ मेट्रो राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होने विजिटर गैलरी का अवलोकन किया।

पीएम मोदी बोले,आज पहली बार, एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का एक ही दिन शुभारंभ हो रहा है। विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, ये उसकी एक शानदार झांकी है। शहर के भीतर के लिए मेट्रो और ट्विन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन।।। मुझे संतोष है कि ये काम उत्तर प्रदेश में हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, हमारी कार्य संस्कृति है कि जिस काम का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए। इसलिए अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं है।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर, ड्यूटी पर तैनात 5 जवानों की दर्दनाक मौत,तीन गंभीर



**अनुगुल :**ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार ट्रेलर और पुलिस के वाहन (बोलेरो) के बीच हुई जोरदार आमने-सामने की टक्कर में ड्यूटी पर तैनात पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही जान चली गई, जबकि तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह भीषण दुर्घटना झारसुगुड़ा सदर थाने के ठीक सामने घटी, जिसके बाद इलाके में चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

टक्कर इतनी भीषण कि उड़ गए गाड़ी के परखच्चेः प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम अपने वाहन से ड्यूटी पर थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने उनकी बोलेरो को सीधी टक्कर मार दी। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के वाहन के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक घटना में एपीआर जवान काशीराम भोई और देबदत्त सा, ड्रिल सब-इंस्पेक्टर निरंजन कुजूर, एपीआर हवलदार लिंगराज धुरुआ के साथ-साथ होमगार्ड भक्तबंधु मिर्धा का मौके पर ही निधन हो गया।

तीन घायल जवानों की हालत बेहद नाजुकः हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस महकमे की मदद से सभी घायल जवानों को फौरन झारसुगुड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में दो एपीआर जवान और एक सार्जेंट गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, घायलों की स्थिति फिलहाल बेहद नाजुक बनी हुई है और उन्हें डॉक्टरों की कड़ी और गहन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

**ट्रेलर चालक हिरासत में, पुलिस कर रही मामले की जांचः** घटना की दर्दनाक सूचना मिलते ही पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी फौरन मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेलर चालक को हिरासत में ले लिया है और हादसे के असल कारणों की बारीकी से पूछताछ व जांच की जा रही है।

## समाचार सार



### सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी की किल्लत से मरीज परेशान

**मुरीः** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन मरीजों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन यहां पर शुक्रवार को मरीजों में काफी नाराजगी देखी गई। पूछने पर मरीजों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या इस स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की है। बिना पानी के हमलोग बाथरूम भी नहीं जा पाते हैं। बाहर से बाल्टी में पानी भरकर हमलोग लाते हैं । पीने का पानी भी हमलोगों को बाहर दुकान से खरीदना पड़ता है। पानी की समस्या इस स्वास्थ्य केन्द्र में आए दिन देखी जाती है। इस समस्या के बारे में सभी स्वास्थ्य केंद्र के एएनम एवं कर्मचारियों को मालूम है लेकिन किसी प्रकार का समाधान नहीं किया जाता है। जिससे आए दिन मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अस्पताल में मरीज दूर दराज से पहुंचते हैं। सुबह 9 बजे से बैठ कर डॉक्टर का इंतजार करते है डॉक्टर 9 बजे नहीं पहुंच पाते हैं 11 बजे पहुंचते हैं। इससे मरीजों को काफी परेशानी होती है। पानी की परेशानी से संबंधित प्रश्न जब चिकित्सक प्रभारी प्रियंका सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पानी की समस्या पहले से ही है। इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा जाएगा।

### बच्चा चोरी की बढ़ती घटना को लेकर थाना प्रभारी ने की जागरूक रहने की अपील

**मुरीः** बच्चा चोरी की घटना को लेकर सिल्ली थाना में थाना प्रभारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में सभी को निर्देश दिया गया जागरूकता बनाये रखें । किसी सदिंग्ध आदमी को देखें सबसे पहले पुलिस इसकी सूचना दें। कानून को अपने हाथ में न ले। अपने से पूछताछ न करे। चौक चौराहे पर ज्यादा भीड़ भाड़ न करे।

### जमीयत उलेमा की अपील, अवश्य करें मतदानः हाजी शाह उमैर



**रांचीः** जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव और शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता हाजी शाह उमैर ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव में सोच-समझ कर जनप्रतिनिधि चुनें। जनता की कसौटी पर खरा उतरने वाले और बेदाग छवि वाले जनप्रतिनिधियों को अवसर दें। आपको जो भी उम्मीदवार अच्छा लगे उसको वोट दें लेकिन वोट अवश्य करें। किसी के कहने किसी के बहकावे में न आए। अपने घर से निकले और वोट अवश्य करें।

हाजी शाह उमैर ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। इसलिए मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। नगर निकाय चुनाव के माध्यम से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है, इसलिए जनप्रतिनिधि चुनते समय सूझ-बूझ से काम लें। उन्होंने 23 फरवरी (सोमवार) को झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं से बढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की।

### हॉस्टल का छज्जा टूटकर बच्चे पर गिरा, मौत




**लोहरदगाः** संत लॉरेंस विद्यालय के हॉस्टल में बीते शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाले 5 वर्षीय छात्र सूर्यन उरांव की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद स्कूल परिवार और अभिभावकों में शोक और चिंता का माहौल है।

ट्यूशन के लिए निकलते समय हुआ हादसाः मृतक छात्र सूर्यन उरांव कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी गांव का रहने वाला था। उसके माता-पिता रोजगार के कारण बाहर रहते हैं और उसे स्कूल के हॉस्टल में रखकर पढ़ा रहे थे। स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय शंकर कुमार ने बताया कि स्कूल खत्म होने के बाद सभी बच्चे हॉस्टल में थे। लंच के बाद बच्चे ट्यूशन के लिए बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान सूर्यन हॉस्टल के कमरे के बाहर बने एक छज्जे पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। तभी अचानक वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

**इलाज के दौरान तोड़ा दमः** घटना के बाद उसे तुरंत झीको चट्टी में प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बेड़ो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी तुरंत सूर्यन के माता-पिता को दी गई। वे रिम्स पहुंच चुके हैं। उनकी मौजूदगी में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। स्कूल प्रबंधन ने घटना पर गहरा दुख जताया है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवालः** हादसे की खबर मिलते ही हॉस्टल में रहने वाले अन्य बच्चों के अभिभावक भी स्कूल पहुंचने लगे। उन्होंने हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई है। जानकारी के अनुसार, इस विद्यालय में कुल 520 छात्र पढ़ते हैं, जिनमें से 119 छात्र हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं।

जनगणना 2026

# झारखंड में एक अप्रैल से शुरू होगी डिजिटल जनगणना घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक,डेटा रहेगा पूरी तरह सुरक्षित

संवाददाता

**रांचीः** देश में पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। सरकार ने साफ किया है कि हर नागरिक के लिए इसमें भाग लेना कानूनी रूप से अनिवार्य होगा। जानकारी देने से इनकार करने या गलत सूचना देने पर सजा का प्रावधान है।

दो चरणों में होगी जनगणनाः जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान मकान और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें लोगों का नाम, उम्र, लिंग, धर्म और जाति जैसी व्यक्तिगत जानकारी दर्ज की जाएगी।



मोबाइल एप से घर-घर पहुंचेगा प्रगणकः हर 1000 लोगों पर एक सरकारी प्रगणक तैनात किया जाएगा। प्रगणक मोबाइल एप के जरिए घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। डेटा पहले ऑफलाइन दर्ज किया जाएगा और बाद में ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा।

**प्रगणक की पहचान कैसे करें? :** जनगणना का काम करने वाले सभी प्रगणक सरकारी कर्मचारी होंगे। उन्हें संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा जारी पहचान पत्र दिया जाएगा। जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को अतिरिक्त मानदेय भी मिलेगा।

**जानकारी देना क्यों जरूरी? :** जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना में पूछे गए सवालों का जवाब देना हर नागरिक के लिए अनिवार्य है। अधिनियम की धारा 11 के अनुसार जानकारी न देने या गलत जानकारी देने पर कार्रवाई हो सकती है।

**गलत सूचना देने पर सजाः** अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत जानकारी देता है या जानकारी देने से इनकार करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की जेल, एक हजार रुपये तक जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है।

**डेटा रहेगा सुरक्षितः** सरकार के मुताबिक, नागरिकों की जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी। इसके लिए बेंगलुरु, लखनऊ और नई दिल्ली में डेटा सेंटर बनाए गए हैं। डेटा तक केवल अधिकृत अधिकारियों को ही पहुंच होगी। आम लोगों को इस जानकारी का एक्सेस नहीं दिया

# नगर निगम चुनाव के कारण टली पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा, रांची विश्वविद्यालय ने जारी की अधिसूचना




संवाददाता

**रांचीः** रांची विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-26 के तहत पीजी सेमेस्टर-2 (नियमित और व्यावसायिक पाठ्यक्रम) की परीक्षा तिथियों में बदलाव करते हुए नया कार्यक्रम जारी कर दिया है। पहले ये परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होने वाली थीं, लेकिन अब इन्हें 17 मार्च से आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर सभी संबद्ध कॉलेजों को सूचना भेज दी है।

**क्यों बदली गई परीक्षा तिथि? :** विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, नगर निगम चुनाव के कारण बड़ी संख्या में शिक्षकों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जानी है। ऐसे में परीक्षा संचालन प्रभावित हो सकता था। इसके अलावा प्रस्तावित जेपीएससी परीक्षा और छात्र संगठनों की ओर से होली के बाद परीक्षा कराने की मांग को भी ध्यान में रखा गया। इन सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद तिथियों में बदलाव किया गया।

**परीक्षा का समय**

सभी परीक्षाएं दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगी।

**किन विषयों की होगी परीक्षा? :** संशोधित कार्यक्रम के तहत वाणिज्य, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, प्राणिशास्त्र सहित कई पारंपरिक विषयों की परीक्षाएं होंगी। वहीं, आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, क्लिनिकल साइकोलॉजी, ई-कॉमर्स, फैशन डिजाइनिंग, फिल्म स्टडीज, मास कम्युनिकेशन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और रूरल डेवलपमेंट जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी नई तिथियों के अनुसार ली जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे नई तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी करें ।

वार्ड पांच में एक तरफा मुकाबला अवधेश बैठा ने कहा

## आधी रात को भी होगें जनता के काम



संवाददाता

**रांचीः** वार्ड पांच के पार्षद प्रत्याशी अवधेश बैठा उर्फ टार्जन ने कहा कि मुझे जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। मुकाबला एक तरफा बन चुका है । जैसे ही मुझे जीत का सर्टिफिकेट मिलता है मैं जनता के कामों में लग जाऊंगा ।

बैठा ने कहा कि जनता के लिए चौबीसों घंटा मेरा घर और ऑफिस का दरवाजा खुला रहेगा । जनता को कोई जरूरी काम पड़े तो वह आधी रात को भी मेरे मोबाइल पर संपर्क कर सकती है। साथ ही साथ उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं प्रयास करूंगा कि जनता का हर काम उनके घर में जाकर करूं । हर सप्ताह हर अलग-अलग मोहल्ले में कैंप लगेगी और जनता की समस्याओं को सुनी जाएगी । उन्होंने कहा कि मैं बाकियों पार्षदों की तरह नहीं हूं कि जनता मुझे खोजेगी मैं खुद जनता को खोजूंगा और समस्याओं का हाल करूंगा ।

# होली पर रांची से खुलेंगी स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत



संवाददाता

**रांचीः** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने रांची से जलालपुर पनवारा के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08105/08106 रांची-जलालपुर पनवारा-रांची होली विशेष का परिचालन किया जायेगा। इससे बिहार और झारखंड के बीच यात्रा करने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

**दो से 30 मार्च तक रांची-जलालपुर होली स्पेशल :** ट्रेन संख्या 08105 रांची-जलालपुर पनवारा होली विशेष दो मार्च से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को रांची से रात 10.50 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मुरी रात 12.01 बजे, बोकारो 01 .00 बजे, धनबाद सुबह 3.50 बजे, चित्तरंजन 5.31 बजे, जसीडीह 7.12 बजे, बरौनी 10.50 बजे, समस्तीपुर 12.25 बजे, दरभंगा 1.25 बजे होते हुए मंगलवार शाम 4.00 बजे जलालपुर पनवारा पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 08106 जलालपुर पनवारा-रांची होली विशेष तीन मार्च से 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को जलालपुर पनवारा से शाम 6.00 बजे खुलेगी। यह दरभंगा 7.35 बजे, समस्तीपुर 9.25 बजे, बरौनी 10.35 बजे, जसीडीह सुबह 3.04 बजे, चित्तरंजन 4.10 बजे, धनबाद 7.00 बजे, बोकारो 9.00 बजे, मुरी 10.30 बजे होते हुए दोपहर 12.15 बजे रांची पहुंचेगी।

इस विशेष ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे। इनमें दो एसएलआरडी, दो सामान्य श्रेणी, 16 शयनयान श्रेणी, एक वातानुकूलित तीन स्तरीय और एक वातानुकूलित दो स्तरीय कोच शामिल हैं। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस सेवा से त्योहार के दौरान होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।


**यशवंतपुर-धनबाद विशेष का डेहरी ऑन सोन में ठहरावः** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 06563/06564 यशवंतपुर-धनबाद विशेष ट्रेन का डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। इससे आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें लंबी दूरी तय कर अन्य स्टेशनों तक नहीं जाना पड़ेगा। ट्रेन संख्या 06563 यशवंतपुर-धनबाद विशेष सुबह 5.15 बजे डेहरी ऑन सोन स्टेशन पहुंचेगी और 5.17 बजे वहां से आगे के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 06564 धनबाद-यशवंतपुर विशेष रात 1.22 बजे डेहरी ऑन सोन पहुंचेगी और 1.24 बजे वहां से खुलेगी।

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोहम्मद इकबाल ने बताया कि यात्रियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे बिहार के रोहतास और आसपास के जिलों के यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

चार जोड़ी ट्रेनों में ई-पेंट्री भोजन बुकिंग सेवा शुरूः यात्रियों को पारदर्शी और सुविधाजनक खानपान सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम ने ई-पेंट्री भोजन बुकिंग सेवा शुरू की है। अब यात्री ऑनलाइन भुगतान कर निर्धारित सरकारी दर पर भोजन बुक कर सकेंगे।

**सीट पर ही मिलेगा खानाः** रेलवे के अनुसार इस नई व्यवस्था से ट्रेनों में पेंट्री स्टाफ द्वारा अधिक पैसे वसूलने की शिकायतों पर रोक लगेगी। भुगतान की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यात्री यात्रा के दौरान मोबाइल या अन्य माध्यम से भोजन का ऑर्डर कर सकेंगे और उन्हें उनकी सीट पर ही भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

खानपान व्यवस्था डिजिटलः वर्तमान में 25 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में खानपान व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है। चक्रधरपुर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस और टाटानगर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में इस सेवा का विस्तार अन्य ट्रेनों में भी किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। त्योहारों के मौसम में जहां एक ओर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर डिजिटल सेवाओं के माध्यम से यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास भी जारी है।



# लंगूरों के आतंक से सिल्ली वासी परेशान

**सिल्लीः** सिल्ली राजा टोला, जाम टोला एवं आसपास के क्षेत्र में इन दिनों लंगुरों ने आतंक मचा रखा है। अक्सर ये लंगूर समूह में आते हैं और लोगों के घरों पर उछल-कूद मचा कर घरों के एसबेस्टस, खपड़ा आदि तोड़ देते हैं। घर आंगन में रखे सामान को उठा ले भागते हैं। ये लंगूर पेड़ों में लगे अमरुद, पपीता सहित फलों एवं लोगों के खेतों में लगी फसलों को भी चट कर रहे हैं। इनके उत्पात से आमलोग काफी परेशान हैं। लोग अगर इनको भगाने का प्रयास करते हैं, तो कभी-कभार लंगूर लोगों पर झपट पड़ते हैं। जिससे लोग भयभीत हैं। यह सिलसिला पिछले दो महीनों से जारी है। प्रखंड के छाताटांड़, जोबला नायक, सिल्ली राजा टोला के किसान और लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द लंगुरों व बंदरों को भगाने की मांग की है। वनपाल जेपी साहू ने बताया कि बंदरों से आतंक की जानकारी मिली है, लेकिन इस पर अंकुश लगाने के लिए विभाग के पास अभी कोई योजना नहीं है।

# नगर सरकार के लिए मतदान कल

## झारखंड के 48 नगर निकायों में चुनाव, पोलिंग पार्टियां व सुरक्षाकर्मियों की रवानगी शुरू

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में नगरपालिका चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 23 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले आज मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को उनके-अपने मतदान केंद्रों के लिए विधिवत रवाना किया गया। मतदानकर्मी बैलट बॉक्स और जरूरी चुनाव सामग्री लेकर तय वाहनों से निकले। पूरे परिसर में प्रशासनिक चहल-पहल और सुरक्षा का कड़ा इंतजाम देखने को मिला।



**ये अधिकारी रहे मौजूद**

इस मौके पर उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, रढ (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर, एसपी यातायात राकेश सिंह, डीएम राजेश्वरनाथ आलोक और जिला उप निर्वाचन-सह-पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**उपायुक्त ने किया गहन निरीक्षण**

डीसी मंजूनाथ भजन्त्री खुद डिस्पैच सेंटर पहुंचे और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सामग्री वितरण काउंटर, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन प्रबंधन, हेल्प डेस्क, मेडिकल सहायता काउंटर और कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। अधिकारियों को साफ निर्देश दिया गया कि हर पोलिंग पार्टी को बैलट बॉक्स, मतपत्र, सील, प्रपत्र और रजिस्टर सहित सभी सामग्री सही तरीके से दी जाए और मिलान के बाद ही उन्हें रवाना किया जाए।

**बैलट बॉक्स की प्रक्रिया पर खास जोर**

उपायुक्त ने मतदान कर्मियों से बैलट बॉक्स खोलने और बंद करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया तय नियमों के मुताबिक होनी चाहिए, खासकर सीलिंग और सुरक्षित परिवहन में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**पोलिंग पार्टियों को दिए गए अहम निर्देश**

रवानगी के दौरान प्रशासन ने पोलिंग पार्टियों को साफ निर्देश दिए कि सभी टीमें अपने निर्धारित वाहन से समय पर मतदान केंद्र के लिए रवाना हों और वहां पहुंचते ही चुनाव सामग्री का दोबारा मिलान करें। अगर किसी तरह की कमी या त्रुटि मिले तो उसकी सूचना तुरंत सेक्टर पदाधिकारी को दी जाए। मतदान के दौरान निष्पक्षता, गोपनीयता और शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी गड़बड़ी या विधि-व्यवस्था से जुड़ी समस्या की जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम या संबंधित दंडाधिकारी को दी जाए। साथ ही मतदान समाप्त होने के बाद बैलट बॉक्स की विधिवत सीलिंग कर उसे सुरक्षित तरीके से निर्धारित स्ट्रांग रूम में जमा करना सुनिश्चित किया जाए।

**सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था**

जिला प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है। पेयजल, शौचालय, बिजली और दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मतदाता बिना किसी डर या परेशानी के मतदान कर सकें।

**किसी डर या परेशानी के मतदान कर सकें।**

मतदाताओं से खास अपीलः डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मतदान कर्मियों से कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता के साथ काम करने की अपील की।

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांची :** झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव को लेकर इस बार काफी हलचल देखने को मिल रही है। करीब आठ साल बाद हो रहे इस चुनाव में रिकॉर्ड संख्या में वकील मैदान में उतरे हैं। राज्यभर के अधिवक्ताओं में इसे लेकर खासा उत्साह है। 100 प्रत्याशी मैदान में, 23 सीटों पर होगा मुकाबलाः इस बार कुल 100 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। नाम वापसी की तारीख के बाद रिटायर्ड जस्टिस अम्बुज नाथ ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी है। 23 सीटों के लिए होने वाले इस चुनाव में राज्यभर के करीब 25 हजार अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प और कड़ा माना जा रहा है। रांची जिले के सबसे ज्यादा उम्मीदवारः इस चुनाव की सबसे खास बात यह है कि सबसे ज्यादा प्रत्याशी रांची जिले से हैं। 50 से ज्यादा उम्मीदवार अकेले रांची से मैदान में हैं। रांची से दावेदारी पेश करने वाले अधिवक्ताओं में झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकील शामिल हैं।आंकड़ों के मुताबिक, झारखंड हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले 43 वकील और रांची सिविल कोर्ट के 13 वकील इस बार चुनावी मैदान में हैं। 25 महिला अधिवक्ता भी आजमा रहीं किस्मतः इस बार महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी भी खास है। कुल 25 महिला वकीलों ने अपनी उम्मीदवारी पेश की है। इसे बार काउंसिल चुनाव में महिला प्रतिनिधित्व के लिहाज से सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। आठ साल बाद हो रहा चुनाव, दिख रहा उत्साहः करीब आठ साल के अंतराल के बाद स्टेट बार काउंसिल का चुनाव हो रहा है। ऐसे में राज्यभर के वकीलों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में चर्चा तेज है और हर उम्मीदवार अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटा है। अब सबकी नजरें मतदान की तारीख और नतीजों पर टिकी हैं, जो तय करेंगे कि अगले कार्यकाल में बार काउंसिल की कमान किन 23 सदस्यों के हाथ में होगी।

# नगर-निकाय चुनाव 2026 : सोच-समझकर करें प्रत्याशियों का चयनः फराज अब्बास

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांचीः** राजधानी रांची के प्रख्यात समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने नगर निगम व नगर परिषद चुनाव में मतदाताओं से वैसे प्रत्याशियों का चयन करने की अपील की है, जो जनहित के प्रति समर्पित हों और जिनकी छवि साफ सुथरी रही हो।

उन्होंने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि नगर-निकाय चुनाव में मेयर व पार्षदों को चुनते समय मतदाताओं को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि उम्मीदवारों की सामाजिक-राजनीतिक छवि बेदाग हो। ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया जाना चाहिए, जो जनहित के कार्यों के प्रति निस्वार्थ भाव से लगे रहें। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों का ध्यान नगर निगम व नगर परिषद क्षेत्र के रिहायशी इलाकों तक ही सिमटकर रह जाता है, जबकि क्षेत्र के स्लम एरिया, आदिवासी, दलित व अल्पसंख्यक बहुल इलाकों की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसती रहती है। सड़क,नाली, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाओं से जनता वंचित रह जाती है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में झारखंड के अनेक जिलों के नगर निगम व नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनहित के ज्वलंत मुद्दे आज भी जस के तस हैं। जन समस्याओं के समाधान के प्रति जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की वजह से क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हो सका। विकास कार्यों को गति नहीं मिल पाई। इसलिए इस बार चुनाव में मेयर व पार्षद पद पर प्रत्याशियों का चयन करते समय सोच-समझकर निर्णय लें। झारखंड में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निगम व नगर परिषद चुनाव की घोषणा किया जाना स्वागत योग्य कदम है।

# वार्ड 15 में कड़ा मुकाबला, कौसर परवीन और गजाला परवीन के बीच सीधी टक्कर

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांची :** वार्ड 15 में चुनावी सरगर्मी के बीच राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। मतदाताओं के रुख में अचानक आए बदलाव ने पूरे चुनावी गणित को नया मोड़ दे दिया है, जिससे यहां मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है।इस वार्ड से आधा दर्जन महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला सोशल एक्टिविस्ट कौसर परवीन और गजाला परवीन के बीच सिमटता दिखाई दे रहा है। गजाला परवीन पूर्व पार्षद गुलाम सरवर की पत्नी हैं, जिससे उन्हें पारंपरिक समर्थन भी मिल रहा है। वहीं, कौसर परवीन लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाती नजर आ रही हैं। उनके सक्रिय अभियान और जमीनी जुड़ाव ने चुनाव को और भी रोचक बना दिया है।

स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि इस बार चुनाव में विकास, जनसंपर्क और भरोसेमंद छवि अहम भूमिका निभाएगी। ऐसे में वार्ड 15 का परिणाम किसके पक्ष में जाएगा, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# फर्जी ग्राम प्रधान बनकर 50 लाख रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी , प्राथमिकी दर्ज

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में फर्जी ग्राम प्रधान बनकर 50 लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने चार लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपियों की पहचान बड़ा कच्छप, आलोक कच्छप, साधु कच्छप और महेश कच्छप के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चुटिया थाना क्षेत्र के सीता कंपाउंड मेन रोड निवासी ईश्वर आनंद कुमार ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में उन्होंने बताया है कि आरोपियों ने उन्हें बड़ा घाघरा स्थित कथित ग्राम सभा न्यायालय में बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने स्वयं को ग्राम प्रधान बताते हुए आदिवासी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया और मामले को सुलझाने के नाम पर 50 लाख की मांग की।

शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्होंने इतनी बड़ी रकम देने से इंकार किया, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, उनकी चारदीवारी तोड़ देने और जमीन पर जबरन कब्जा करने की भी चेतावनी दी गई। घटना के बाद पीड़ित ने अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डोरंडा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की सत्यता की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों के बीच इस घटना को लेकर आक्रोश है। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# जंगली हाथी के उत्पात से चार लोग घायल

**संवाददाता**



रांचीः राजधानी रांची के इटकी थाना क्षेत्र के कुंदी पतराटोली गांव स्थित जलेबिया जंगल में एक बार फिर जंगली हाथी ने उत्पात मचाया। बीते शनिवार सुबह हुए इस हमले में एक युवक और तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। हाथी को देखते ही सभी जान बचाकर भागे लोगः जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं जंगल में पत्ता चुनने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी उनके सामने आ गया। हाथी को देखते ही सभी जान बचाकर भागने लगे। इस दौरान मांगी उरांव, सावित्री केरकेट्टा और 15 वर्षीय रितिका गिर पड़ीं और हाथी की चपेट में आ गईं। वहीं, एक युवक भी हाथी के हमले में बुरी तरह घायल हो गया। उसके हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील कीः घटना के बाद ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार सभी का इलाज जारी है। हाथी के हमले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। प्रभारी वनपाल राहुल महली के नेतृत्व में टीम हाथी की निगरानी कर रही है और उसे सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे फिलहाल जंगल की ओर न जाएं और सतर्क रहें। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि घायलों को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा दिया जाएगा।

# सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट, कोबरा-209 के दो जवान घायल, एयरलिफ्ट कर भेजा गया रांची

**संवाददाता**

रांचीः पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटा नागरा थाना क्षेत्र के चडरी डेरा गांव के पास में आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 209 कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए।

बीते शनिवार को सर्चिंग अभियान के दौरान लगाए गए आईईडी ब्लास्ट की घटना में सीआरपीएफ 209 कोबरा बटालियन के दो जवान चपेट में आने से दोनों जवान घायल हुए। घायल जवानों को जंगल से निकाल उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर रांची के अस्पताल पहुंचाया गया। भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ जिला पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा था। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी अमित रेणु ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विस्फोट उस वक्त हुआ, जब सुरक्षा बल के जवान जंगल में नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे। इसमें एक जवान गंभीर है। कोबरा बटालियन 209 के घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट कर रांची ले जाने की तैयारी की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। सर्च ऑपरेशन को और तेज कर दिया गया है। घटना ऐसे समय हुई है, जब सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाये जा रहे हैं। हाल ही में सुरक्षा बलों को कई बड़ी सफलताएं मिली है।

# बदलते समीकरणों से वार्डों में सियासी भूचाल, मुकाबला हुआ बेहद रोमांचक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** वार्डों में चुनावी जंग अब अपने चरम पर पहुंच चुकी है। हर प्रत्याशी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है, लेकिन पल-पल बदलते राजनीतिक समीकरणों ने मुकाबले को और अधिक पेचीदा बना दिया है। मतदाताओं के रुख में अचानक आए बदलाव से चुनावी फिजा में हलचल तेज हो गई है। इस बदले माहौल ने वार्ड 23 के प्रत्याशी साजदा खातुन और फरहा नाज की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जहां उनके समर्थन में खिसकते समीकरण साफ तौर पर चिंता का कारण बन रहे हैं। दूसरी ओर, निलुफर मोखतार ने अपनी मजबूत दावेदारी से पूरे चुनावी गणित को नया मोड़ दे दिया है, जिससे मुकाबला अब बेहद दिलचस्प और कांटे का हो गया है।

चुनावी मैदान में अब हर वोट की अहमियत बढ़ गई है और अंतिम समय की रणनीतियां निर्णायक साबित हो सकती हैं। प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क और प्रचार में जुटे हुए हैं, जिससे माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आ रहा है। 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा जा रहा है, जबकि 27 फरवरी को आने वाले नतीजों पर सभी की निगाहें टिकी हैं। तब तक क्षेत्र में सियासी चर्चाओं और कयासों का दौर जारी रहेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

**अल्पकालीन ई-निविदा सं0- ZP/GARHWA/04/2025-26**

**15वें वित्त स्वास्थ्य प्रक्षेत्र**

1. कार्य का नाम :– (राशि रूपये में)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | रमकण्डा | बिराजपुर | ग्राम–बैरिया में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-01 |
| 2 | रमकण्डा | चेटे | ग्राम–चेटे में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-02 |
| 3 | भवनाथपुर | पण्डरिया | ग्राम–अधौरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-03 |
| 4 | धुरकी | रक्सी | ग्राम–रक्सी में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-04 |
| 5 | कांडी | पतरिया | ग्राम–जतरो में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-05 |
| 6 | कांडी | राणाडीह | ग्राम–सोहगाड़ा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-06 |
| 7 | बड़गड़ | परसवार | ग्राम–परसवार में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-07 |
| 8 | बड़गड़ | टेहरी | ग्राम–टेहरी में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-08 |
| 9 | रंका | बाहाहारा | ग्राम–बाहाहारा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-09 |
| 10 | सगमा | बिरबल | ग्राम–मकरी में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-10 |
| 11 | सगमा | कटहरकला | ग्राम–कटहरकला में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-11 |
| 12 | चिनियाँ | हेताड़कला | ग्राम–हेताड़कला में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-12 |
| 13 | चिनियाँ | बिलैतीखैर | ग्राम–बिलैतीखैर में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/04/2025-26/GR-13 |

| | |
|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–24.02.2026 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 24.02.2026 से दिनांक–09.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय–11.03.2026 को अपराह्न 3:00 बजे |
| 4 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 5 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8210668566 |
| 6 | ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी। |
| 8 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। |
| 9 | निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। |
| 10 | भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। |
| 11 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। |
| | विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। |

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 373449 Rural Development(25-26)#D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कहा-

# चुनाव प्रक्रिया में छोटी से छोटी गलती भी भारी पड़ सकती है



संवाददाता

**साहिबगंज:**जिला निर्वाचन पदाधिकारी नप सह उपायुक्त हेमंत सती और जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह रविवार की सुबह से ही नगर पालिका चुनाव 2026 के सफल निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संचालन को लेकर पुलिस लाइन स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण करते नजर आए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान सामग्रियों के वितरण व प्राप्ति की समुचित व्यवस्था काउंटरों की संख्या सुरक्षा प्रबंध स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि डिस्पैच एवं पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से संपन्न हो ताकि कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में छोटी से छोटी चूक भी गंभीर परिणाम ला सकती है।इसलिए सभी दायित्वधारी पदाधिकारी पूरी सतर्कता व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। मौके पर संबंधित निवार्ची पदाधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती और सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश



साहिबगंजः जिला निर्वाचन पदाधिकारी नप सह उपायुक्त हेमंत सती ने नगर पालिका चुनाव 2026 के सफल निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर पुलिस लाइन स्थित डिस्पैच सेंटर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज साहिबगंज में बनाए जा रहे रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान सामग्रियों के वितरण एवं प्राप्ति की समुचित व्यवस्था काउंटरों की संख्या, सुरक्षा प्रबंध विद्युत आपूर्ति पेयजल शौचालय एवं बैरिकेडिंग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। कि डिस्पैच व रिसीविंग की पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित पारदर्शी समयबद्ध तरीके से संपन्न हो ताकि कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में छोटी से छोटी चूक भी गंभीर परिणाम ला सकती है। इसलिए सभी दायित्वधारी पदाधिकारी पूरी सतर्कता व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती और सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।मौके पर संबंधित निवार्ची पदाधिकारी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

पदाधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर उपायुक्त ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



दुमकाः नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अभिजीत सिन्हा ने नगर परिषद् दुमका क्षेत्र के विभिान्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुगम मतदान की व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुमका नगर परिषद् अध्यक्ष पद प्रत्याशी अमित रक्षित के समर्थन में निकाली गई बाइक रैली

संवाददाता

**दुमकाः** भारतीय जनता पार्टी समर्थित दुमका नगर परिषद् अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अमिता रक्षित ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूरे शहर में भव्य बाइक रैली निकालकर जनसमर्थन का अभूातपूर्व प्रदर्शन किया। रैली में उमड़े जनसैलाब ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि दुमका नगर विकास,पारदर्शिता और सशक्त नेतृत्व के पक्ष में खड़ा है।

बाइक रैली शहर के विभिान्न प्रमुख मार्गों एवं वार्डों से होकर गुजरी,जहाँ जगह-जगह नागरिकों जयघोष के साथ श्रीमती रक्षित का अभिानंदन किया। पूरे नगर में उत्साह,ऊर्जा और विश्वास का वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुनील सोरेन, चुनाव प्रभाारी सह पूर्व विधायक अमित मंडल,भााजपा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल,नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक एवं आमजन उपस्थित थे।



मौके पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि दुमका नगर को स्वच्छ,सुव्यवस्थित एवं आधुनिक नगर बनाने के लिए सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है और अमिता रक्षित के नेतृत्व में यह लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे मतदान के दिन भाारी संख्या में मतदान कर विकास की इस यात्रा को और मजबूत करें। अमिता रक्षित ने नगरवासियों के स्नेह एवं समर्थन के लिए आभाार व्यक्त करते हुए कहा कि दुमका की जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे नगर के समग्र विकास,पारदर्शी प्रशासन तथा जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगी ।

## इग्नू में नामांकन व पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**दुमकाः** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है. इस बाबत

संताल परगना कॉलेज, दुमका स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 3604 की समन्वयक प्रो. पूनम बिंझा ने जानकारी दी कि जनवरी सत्र 2026 के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी 2026 कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू में डउ्छ और ऑनलाइन दोनों ही मोड में शिक्षा उपलब्ध है। इग्नू अध्ययन केंद्र 3604 के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम में प्रतिष्ठा एवं सामान्य तथा स्नातकोत्तर (हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी), पीजीडीआरडी, डिप्लोमा सहित विभिान्न सर्टिफिकेट कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए अथवा किसी प्रकार के सहायता हेतु एस. पी.कॉलेज दुमका स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

## सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंटः नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब ए ने जीता मैच



संवाददाता

साहिबगंजःजिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को नेताजी सुभााष क्रिकेट क्लब ए बनाम पोखरिया पैंथर्स के बीच मैच खेला गया। पोखरिया पैंथर्स ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। नेताजी सुभााष सीसी ने पहले बल्ले बाजी करते हुए 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 291 रन बनाये। मो फैजन अहमद ने 78, पीयूषम सिंह ने 79 व अनिकेश ने 31 रन की पारी खेली। पोखरिया पैंथर्स के गेंदबाज आदित्य मंडल ने 2 व उमंग आनंद ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पोखरिया पैंथर्स की टीम 15.4 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अब्राहम शेख ने 40 रन की पारी खेली। नेताजी सुभााष सीसी के गेंदबाज अनुज, फैजन व राहुल ने 2-2 विकेट लिए। नेताजी सुभााष क्रिकेट क्लब ए ने 168 रम से जीत हासिल की। नेताजी सुभााष सीसी के खिलाड़ी फैजन अहमद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अशफाक आलम ने फैजन को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग हयातुल्लाह व तारिक अनवर ने किया। जबकि स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि रविवार को नेताजी सुभााष क्रिकेट क्लब बनाम राजमहल स्पोर्टिंग क्लब ए के बीच मैच खेला जाएगा।

## 14 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

संवाददाता

**साहिबगंजः**भाारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम राजमहल मंडल कारा में 14 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभाारंभा राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो,राजमहल उपकारा अधीक्षक बिमल सोरेन कुमार ,अनुमंडल सदर उपाधीक्षक उदय टुडू , झारखंड आजीविका सखी मंडल डीएम स्किल एंड जॉब्स राजेन्द्र कुमार, तालझारी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सरफराज नवाज,आसेटीं सीनियर फैक्ट्री राजहंस कुमार प्रशिक्षक उपेन्द्र गोप,कारा लिपिक सह कार्यालय



प्रिंस कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभाारंभा किया।प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी को प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भाविष्य को सवारे। मौके पर आसेटीं प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप उपस्थित थे। प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भार बन कर समाज और देश के आर्थिक विकाश में सहयोग कर सकता है और अपने परिवार के आर्थिक कमजोरी को मजबूत कर सकते है।

## प्रो ओवैस अहमद अंसारी का निधन

**कुशल शिक्षक, गणितज्ञ, विद्वान, व शिक्षक- छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय थे डॉ रणजीत,5**



साहिबगंजः प्रो ओवैस अहमद अंसारी गणित विभााग पूर्व अध्यक्ष साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज सालभार से बीमार चल रहे थे। वहीं दौरान बिते दिन में 10ः 30 बजे सुबह दुगार्पुर इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में उन्होंने अंतिम साँस ली। साहिबगंज महाविद्यालय के गणित विद्वान कुशल लोकप्रिय शिक्षक थे। प्रो ओवैस अहमद अंसारी ने वर्ष 1976 में साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज में व्याख्याता पद पर योगदान दिया था ।वे 2011 के लगभाग सेवा निवृत्त हुए थे।सेवा निवृत्त के बाद अध्ययन अध्यापन कार्य कर रहे थे। आपने पिछे भारापूरा परिवार छोड़ गये ।

नगर निकाय चुनाव 2026

## एनआईसी कार्यालय में कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



संवाददाता

**साहिबगंजः** नगर निकाय आम निर्वाचन 2026 के सफल स्वतंत्र व निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती एवं सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में एनआईसी कार्यालय में कर्मियों का तृतीय प्रशिक्षण संपन्न किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों कर्मियों का कंप्यूटराइज्ड प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी तरीके से तृतीय चरण का रैंडमाइजेशन कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए यादृच्छि कीकरण की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे किसी भी प्रकार की पक्षपात की संभाावना समाप्त होती है।और मतदान प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुदृढ़ होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किए जाएं। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। तृतीय यादृच्छि कीकरण के माध्यम से मतदान दलों का अंतिम गठन कर उन्हें संबंधित मतदान केंद्रों के लिए आवंटित किया गया। पूरी प्रक्रिया सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता को और मजबूती मिली।मौके पर सभी निवार्ची पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नगर निकाय चुनाव : कल होने वाले मतदान की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है: निर्वाची पदाधिकारी

संवाददाता

**साहिबगंजः** जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित सभाागार में निर्वाची पदाधिकारी अध्यक्ष नगर परिषद साहिबगंज सह अपर समाहर्त्ता द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 से संबंधित प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा 23 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए सभाी तैयारी पूरी कर ली है। नगर परिषद्, साहिबगंज क्षेत्रान्तर्गत 28 वार्डो में कुल 66 मतदान केन्द्र एवं 01 सहायक मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहाँ कुल मतदाता 69164 जिसमें महिला 35568 पुरूष 33596 है। जहाँ अध्यक्ष पद हेतु 18 अभ्यर्थी व वार्ड पार्षद हेतु 108 अभ्यर्थी मैदान में है। नगर पंचायत, राजमहल क्षेत्रान्तर्गत 14 वार्डो में कुल 19 मतदान केन्द्र



बनाया गया है। जहाँ कुल मतदाता 17859 जिसमें महिला 9094 एवं पुरुष-8765 है। जहाँ अध्यक्ष पद हेतु 04 अभ्यर्थी व वार्ड पार्षद हेतु 43 अभ्यर्थी मैदान में है। नगर पंचायत, बरहरवा क्षेत्रान्तर्गत 14 वार्डों में कुल 20 मतदान केन्द्र बनाया गया है। जहाँ कुल मतदाता19353 जिसमें महिला 9785 औरपुरुष 9568 है। जहाँ अध्यक्ष पद हेतु 06 अभ्यर्थी एवं वार्ड पार्षद हेतु 57 अभ्यर्थी मैदान में है। तीनों निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षित सहित कुल 690 मतदान कर्मियों को लगाया गया है। जिसमें प0-138, प1 138, प2-138, प3-138, प4-138 है। साहिबगंज नगर परिषद् क्षेत्र हेतु कुल-16 सेक्टर ऑफिसर, नगर पंचायत, राजमहल हेतु-06 तथा नगर पंचायत, बरहरवा हेतु 05 सेक्टर ऑफिसर तैनात किये गये है। साहिबगंज नगर परिषद् क्षेत्र में कुल 67 मतदान केन्द्र संवेदनशील 43 मतदान केन्द्र, अतिसंवेदनशील 07 मतदान केन्द्र एवं सामान्य17 मतदान केन्द्र है।नगर पंचायत, राजमहल क्षेत्र में कुल 19 मतदान केन्द्र संवेदनशील 09 मतदान केन्द्र, अतिसंवेदनशील 05 मतदान केन्द्र एवं सामान्य 05 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत, बरहरवा क्षेत्र में कुल 20 मतदान केन्द्र संवेदनशील 17 मतदान केन्द्र, अतिसंवेदनशील 3 मतदान केन्द्र एवं सामान्य 00 मतदान केन्द्र है।मतदान पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक होगी। जबकि इस अवसर पर एसी गौतम भागत, जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी ,सदर प्रखंड पदाधिकारी द्वारा पत्रकारों को बताया गया।

## मां बायसी मंदिर चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता

संवाददाता

**साहिबगंजः**विगत वर्ष काली पूजा के दौरान जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगोली रेस्टुरेंट के समीप स्थित मंदिर से मां काली के आभूषण और इस वर्ष जनवरी में नगर थाना अंतर्गत मां बायसी मंदिर से मां काली के आभूषण की चोरी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी ने मामले में छापेमारी दल का गठन किया था। इस दौरान शुक्रवार को पुनः बायसी स्थान मंदिर में मां काली के आभूषण की चोरी के प्रयास में भाागलपुर बाराहाट,इशीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बाराहाट निवासी साजन कुमार साह को पकड़ा गया।युवक ने चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।दोनों स्थानों में सीसीटीवी फुटेज से भाी



आरोपी की पहचान हुई है। वारदात के समय प्रयुक्त कपड़े व जूते उसके घर से बरामद किए गए हैं।चोरी किये गए आभूषणों की बरामदगी के लिये छापेमारी की जा रही है। 20 फरवरी को बायसी स्थान में चोरी के प्रयास में अलग से नगर थाना में कांड संख्या 31/26 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भोज दिया गया है। जबकि एसडीपीओ,नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभाारी शशि सिंह, पुअनि अजीत लकड़ा,सअनि सुकरा तिग्गा,बमबम यादव,आरक्षी संजीत कुमार यादव व अन्य उपस्थित थे।

# सिद्धांत चतुर्वेदी करना चाहते हैं युवराज सिंह की बायोपिक

**अपनी** आगामी फिल्म ' दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हाँ, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि अमेज़ॉन प्राइम विडिओ के वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' में क्रिकेट की चमक-दमक के पीछे की अंधेरी दुनिया को सिद्धांत ने बखूबी उकेरा था। फिलहाल बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, 'मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी।





केजीएफ स्टार यश को पत्नी राधिका पंडित ने कहा

# हर दिन मुझे चुनने के लिए धन्यवाद

**राधिका** पंडित ने अपने पति, रॉकिंग स्टार यश के लिए एक बेहद निजी और भावुक संदेश साझा किया, जिसने देखते ही देखते सोशल मीडिया पर सबका ध्यान खींच लिया। पानी के किनारे आतिशबाज़ी निहारते हुए दोनों की एक रोमांटिक तस्वीर साझा करते हुए राधिका ने अपने कैप्शन में प्यार और आभार से भरे जज़्बात लिखे। उन्होंने उन खामोश कुर्बानियों और अथक मेहनत का ज़िक्र किया, जो यश अपने परिवार के लिए करते हैं।

राधिका पंडित ने लिखा, उस शख्स के नाम, जिसने मुझे ऐसे नाचने का हौसला दिया जैसे कोई देख ही नहीं रहा... मैं तुम्हारी आंखों की थकान देखती हूं, वो बलिदान जो किसी और को नज़र नहीं आते, लंबे दिनों का बोझ जिसे तुम बिना शिकायत उठाते हो... मुझे पता है ये सब हमारे लिए है। हर एक दिन मुझे चुनने के लिए शुक्रिया। हैप्पी वैलेंटाइन डे, मेरे हमेशा के लिए ??। यह सादगी भरा लेकिन दिल छू लेने वाला पोस्ट फैंस के दिलों में उतर गया। लोगों ने इस जोड़ी की मज़बूत समझ, आपसी सम्मान और लंबे साथ की जमकर तारीफ की। अपनी निजी जिंदगी को हमेशा गरिमा और सादगी के साथ संभालने वाले इस कपल की तरफ से यह एक दुर्लभ झलक थी, जिसने उनके रिश्ते की गहराई दिखा दी।

जहां एक तरफ यश अपने व्यस्त प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को संभाल रहे हैं, वहीं राधिका का यह प्यार भरा संदेश याद दिलाता है कि हर चमकते सितारे के पीछे अडिग साथ और भरोसे की ताकत होती है – कैमरे के सामने भी और कैमरे के पीछे भी। फैंस इस पोस्ट को इस साल का सबसे दिल छू लेने वाला सेलिब्रिटी वैलेंटाइन संदेश बता रहे हैं, और प्यार की ये कहानी इंटरनेट पर लगातार धड़क रही है।

# फ्रांस में क्यों चलता है शाहरुख खान का जादू

## डीडीएलजे से लेकर डंकी ने बिखेरा जलवा

**बॉलीवुड** के किंग खान यानी शाहरुख खान की लोकप्रियता भारत के अलावा 120 छोटे-बड़े देशों में है, जहां उनका रोमांटिक अंदाज सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। बात चाहे दुबई की हो या पेरिस की, शाहरुख ने जिस देश में शूटिंग की है, वहां उनके चाहने वालों की संख्या बढ़ी है। इन दिनों फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को बॉलीवुड स्टार्स से बात की, लेकिन बहुत कम लोग ही ये बात जानते हैं कि शाहरुख खान का सिक्का पूरे फ्रांस में चलता है। फ्रांस और भारत का जुड़ाव हमेशा से सिनेमा और संस्कृति से जुड़ा रहा है। हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों की शूटिंग फ्रांस की अलग-अलग जगहों पर हो चुकी है। खुद शाहरुख खान ने 'पठान' की शूटिंग फ्रांस में की थी, और अपकमिंग फिल्म 'किंग' के कुछ हिस्सों की शूटिंग भी वहीं होगी, लेकिन यह बात बहुत कम लोगों को पता है कि शाहरुख को फ्रांस का 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' मिल चुका है, जिसे उन्होंने बहुत विनम्रता से अपनी मां के बर्थडे पर स्वीकार किया था। साल 2014 में अभिनेता को फ्रांस के विदेश मंत्री लॉरेंट फैबियस ने सिनेमा और सांस्कृतिक विविधता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया था। दीवानगी का आलम सिर्फ यहीं खत्म नहीं होता। शाहरुख बॉलीवुड के इकलौते ऐसे स्टार हैं, जिनके सम्मान में ग्रेविन म्यूजियम में गोल्ड कॉइन जारी किया गया। सिक्के पर शाहरुख खान की डीडीएलजे वाले लुक के साथ फोटो उकेरी गई है। ये सम्मान उनके 30 साल के शानदार फिल्मी करियर को देखकर दिया गया था। यही कारण है कि शाहरुख खान को सिर्फ बॉलीवुड का ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का 'किंग' कहा जाता है।



*फ्रांस में साल 2008 में ही अभिनेता का वैक्स स्टैच्यू भी बनाया गया था, लेकिन उनके साथ अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और एक्टर रणवीर सिंह के स्टैच्यू भी बने थे, लेकिन सोने का सिक्का सिर्फ अभिनेता के नाम का जारी हुआ था। ये सम्मान इसलिए भी खास है क्योंकि सबसे पुराने ग्रेविन म्यूजियम ने दुनियाभर की 14 बड़ी हस्तियों को चुना था, लेकिन सिक्का सिर्फ शाहरुख खान का चला। शाहरुख खान की फिल्म 'पठान', 'जवान', और 'डंकी' ने फ्रांस में अच्छा कलेक्शन किया था और इससे पहले भी उनकी कई फिल्में फ्रांस में रिलीज हो चुकी हैं।*

अब 'प्रोड्यूसर' बन जीतेंगी लोगों का दिल

# नित्या मेनन ने बढ़ाया एक और कदम

**अपने** अभिनय से लोगों के दिलों में राज करने वाली साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नित्या मेनन अब नई शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने मंगलवार को बताया कि वे अब बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने नए प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया। अभिनेत्री नित्या मेनन ने लिखा, 'मेरे लिए फिल्में बनाना सिर्फ कहानियां सुनाना नहीं है, बल्कि दिल से दिल जुड़ने का तरीका है। जब मैं कुछ बनाती हूं तो यह न सिर्फ दर्शकों को बदलता है, बल्कि मुझे भी बदल देता है।' अभिनेत्री ने बताया कि रचनात्मक प्रक्रिया में डूबकर मैं खुद में बदलाव महसूस करती हूं और जो इसे देखते हैं, उनके अंदर भी एक हल्का-सा परिवर्तन आता है। अभिनेत्री ने लिखा, 'यह बदलाव शुरू में शायद नजर न आए, लेकिन यह हमेशा के लिए असर छोड़ जाता है। फिल्म बनाना मेरे लिए व्यक्तित्व के उस सच्चे और संवेदनशील हिस्से को छूने जैसा है, जो सबसे असली होता है, जब मैं अभिनय करती थी। उसी समय मैंने सोच लिया था कि मैं प्रोड्यूसर बनूंगी और अब प्रोड्यूस करने पर भी यही सोच बनी रहेगी। आपके सामने पेश है- कीयूरी प्रोडक्शंस। वीडियो में बताया गया है कि केयुरी धरती की गुफाओं से निकली है, चट्टान से बनी है, रोशनी से प्यार करती है, और किसी खास रूप में नहीं बंधी है। यह नाम और उसका मतलब नित्या की रचनात्मक सोच को दर्शाता है, जहां वे ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो गहरी भावनाओं को छूएं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं। नित्या मेनन साउथ इंडियन सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं।

वे अभिनेत्री होने के साथ-साथ पार्श्व गायिका भी हैं, जो मुख्य रूप से मलयालम, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें 'थिरुचित्राम्बलम' (2022) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार फिल्मफेयर अवार्ड साउथ मिल चुके हैं।



'करण अर्जुन' और 'तेरे नाम' जैसी फिल्मों में नहीं की मेहनत

# सफलता का क्रेडिट मिला : सलमान

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर ऐसा देखा जाता है कि कलाकार अपनी फिल्मों में मिले श्रेय को लेकर कितने गंभीर रहते हैं। कभी पोस्टर पर नाम को लेकर बहस होती है, तो कभी इंटरव्यू में अपनी मेहनत गिनाई जाती है। सफलता मिलने पर ज्यादातर सितारे यह बताना नहीं भूलते कि फिल्म उनके दम पर चली। इसी भीड़ में अभिनेता सलमान खान का किस्सा अलग है। वह हिट फिल्मों में अपनी भूमिका को कम आंकते नजर आते हैं। इस कड़ी में उनका एक पुराना इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लहरें टीवी को दिए एक इंटरव्यू में सलमान खान ने कहा कि कुछ फिल्मों में उन्होंने बहुत ज्यादा मेहनत नहीं की, फिर भी दर्शकों और इंडस्ट्री ने उन्हें ही सफलता का चेहरा बना दिया। अपनी इन बातों को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने अपनी सबसे लोकप्रिय फिल्मों का उदाहरण दिया। सलमान खान ने 'करण अर्जुन' और 'तेरे नाम' का जिक्र किया। 'करण अर्जुन' का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। सलमान ने कहा, ''इस फिल्म में मैंने कोई ज्यादा मेहनत नहीं की थी। फिल्म में बाकी कलाकारों, निर्देशक और पूरी टीम ने जमकर काम किया, लेकिन जब फिल्म सुपरहिट हुई तो सारा क्रेडिट मुझे ही मिलने लगा।'' इसी बातचीत में सलमान खान ने अपनी एक अन्य चर्चित फिल्म 'तेरे नाम' का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''इस फिल्म में भी मेरा किरदार बहुत साधारण था। न तो डायलॉग्स बहुत ज्यादा थे और न ही अभिनय में कोई बड़ा प्रयोग था। इसमें मेरा पहला लुक बैंग्स हेयरकट वाला था और दूसरे लुक में बाल ही नहीं थे। फिल्म में मेरे पास गिनती के ही डायलॉग थे। इसके बावजूद यह फिल्म लोगों के दिलों में उतर गई और आज भी उनकी यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। सलमान खान ने 'तेरे नाम' की सफलता का पूरा श्रेय फिल्म की कहानी, निर्देशन, स्क्रीनप्ले और लेखन को दिया।



# 51 साल का करियर खत्म कर रहे रजनीकांत !

## कौन प्रोड्यूस करेगा थलाइवा की आखिरी फिल्म?

**साउथ** फिल्म इंडस्ट्री को दुनियाभर में पहचान दिलाने वाले एक्टर रजनीकांत पिछले 5 दशक से फैंस का एंटरटेनमेंट कर रहे हैं. उनकी फिल्मों का इंतजार आज भी फैंस को बेसब्री से रहता है. साल 2025 में वे कुली फिल्म में नजर आए और इस फिल्म में भी उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई. अब वे अपनी सक्सेसफुल फिल्म जेलर के सीक्वल को लेकर बिजी हैं. उनकी फिल्म जेलर 2 सिनेमाघरों में रिलीज की राह देख रही है. इसके अलावा एक्टर की और भी फिल्मों को लेकर अपडेट आने शुरू हो गए हैं. वैसे तो रजनीकांत का अभी रिटायरमेंट का कोई प्लान नहीं है ना तो एक्टर ने ऐसी कोई इच्छा ही जाहिर की है. लेकिन इसके बाद भी उनकी आखिरी फिल्म को लेकर अपडेट आने शुरू हो गए हैं. ऐसी खबरे आ रही हैं कि उनकी आखिरी फिल्म को उनकी बेटी सौंदर्या रजनीकांत प्रोड्यूस करेंगी. आइए जानते हैं इस फिल्म को लेकर क्या अपडेट है.

वलई पेचू की रिपोर्ट्स की मानें तो रजनीकांत अपनी आखिरी फिल्म के लिए बेटी सौंदर्या रजनीकांत के साथ कोलाबोरेट करने की तैयारी में हैं. अपनी फेयरवेल फिल्म के लिए उन्होंने ये फैसला लिया है. हालांकि एक्टर ने अभी ये डिसाइड नहीं किया है कि उनकी आखिरी फिल्म कौन सी होगी. हालांकि इसकी तैयारी में वे अभी से हैं और इसे यादगार बनाना चाहते हैं.



# भारत-दक्षिण अफ्रीका के सुपर-8 मुकाबले में भी बारिश बनेगी विलेन?

**एजेंसी**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 की पहली भिड़ंत पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच थी. 21 फरवरी, शनिवार को श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाने वाला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया. अब भारतीय टीम सुपर-8 में अपना पहला मैच 22 फरवरी, रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी. यह अगले चरण का तीसरा मुकाबला होगा.

पाकिस्तान-न्यूजीलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद फैंस के मन में एक सवाल उठने लगा है कि क्या भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच में भी बारिश विलेन बनेगी? बता दें कि भारत का मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. तो आइए जानते हैं कि इस मैच को लेकर मौसम का ताजा अपडेट क्या है.

एक्यूवेदर के मुताबिक, रविवार यानी मैच के दिन अहमदाबाद में बारिश का कोई आसार नहीं है. लिहाजा फैंस भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले को बगैर किसी रुकावट के एंजॉय कर सकते हैं. वहीं आसमान भी बिल्कुल साफ रहने की उम्मीद है. शाम यानी मैच के वक्त तापमान करीब 27 डिग्री के आसपास रह सकता है.

हालांकि दूसरी पारी में ओस देखने को मिल सकती है. टूनामेंट में अब तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में दूसरी पारी के दौरान शबनम देखने को मिली है, जिससे बाद में बैटिंग करने वाली टीमों को फायदा पहुंच सकता है. लिहाजा, भारत-अफ्रीका के मुकाबले में भी टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी का फैसला कर सकती है.

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका ळ20कहेड टू हेड

अब तक भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 35 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जा चुके हैं. इन मैचों में भारत ने बढ़त हासिल करते हुए 21 में जीत हासिल की है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 में जीत अपने नाम की है. दोनों के बीच 1 मुकाबला बेनतीजा रहा है.

मैच के लिए भारत का स्क्वॉडः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज.

मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका स्क्वॉडः एडेन मार्कराम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, मार्को जानसेन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, जेसन स्मिथ, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्टजे, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेलटन.



# एआई समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं और इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई माडल भी लांच किए। पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम ह्मन की बातह्व में आज कहा कि ह्मन की बातह्व देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है। देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इन्नोवेटर्स और स्टार्ट अप क्षेत्र से जुड़े लोग, एआई इंपैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण बिन्दु साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुझे विश्व के नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने विश्व नेताओं को ढ़ेर सारी चीजें दिखाई। मैं दो बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूँ। सम्मिट में इन दो उत्पादों ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 247 एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरा उत्पाद हमारी संस्कृति से संबंधित था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम हमारे प्राचीन ग्रंथों को, हमारे प्राचीन ज्ञान को, हमारी पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, आज की पीढी के अनुरूप ढ़ाल रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शन के लिये सुश्रुत संहिता का चयन किया गया। पहले चरण में दिखाया गया कि कैसे तकनीक की मदद से हम पांडुलिपियों की तस्वीर की गुणवत्ता सुधारकर उन्हें पढ़ने लायक बना रहे हैं। दूसरे चरण में इस तस्वीर को मशीन के पढ़ने लायक मूलपाठ में बदला गया। अगले चरण में मशीन से पढने लायक मूलपाठ को एक एआई अवतार ने पढ़ा। और फिर, अगले चरण में हमने ये भी दिखाया कि कैसे तकनीक से ये अनमोल भारतीय ज्ञान भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। भारत के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक अवतार के माध्यम से जानने में विश्व नेताओं ने बहुत दिलचस्पी दिखाई।

उन्होंने कहा कि इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएँ देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई माडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है। इस समिट को लेकर युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। मैं सभी देशवासियों को इस समिट की सफलता की बधाई देता हूं।

### सेमीकंडक्टर यूनिट के शिलान्यास समारोह में बोले पीएम मोदी

## भारत को टेक फ्यूचर के रूप में देख रही दुनिया

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह दशक भारत में प्रौद्योगिकी का दशक बनने जा रहा है और दुनिया भी इसे मानते हुए भारत को प्रौद्योगिकी के भविष्य के केंद्र के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का बड़ा राज्य होने के साथ-साथ देश का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का केंद्र भी बनने जा रहा है। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) में एचसीएल-फॉक्सकॉन संयुक्त उद्यम परियोजना, इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत इस प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों पहलुओं पर एक साथ काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। एचसीएल और फॉक्सकॉन की ये नई फैक्टरी प्रौद्योगिकी पॉवरहाउस के रूप में राज्य की नई पहचान को और सशक्त करेगी। यह दशक भारत का टैकेड है। श्री मोदी ने कहा कि इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है, वह 21वीं सदी के हमारे सामर्थ्य का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत को चिप विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है, इसके लिए देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण जरूरी है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया में भरोसेमंद साझेदार करार देते हुए कहा कि भारत जैसा लोकतांत्रिक देश दुनिया का एक भरोसेमंद साझेदार है। किसी भी मूल्य श्रृंखला में भारत की बढ़ती भागीदारी, उस श्रृंखला की मजबूती को ही बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत को प्रौद्योगिकी के भविष्य के केंद्र के रूप में देख रही है।

## 16 साल से कम उम्र के बच्चों के मोबाइल चलाने पर लगेगा बैन? मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से मांगा सुझाव



**बेंगलुरु :** कर्नाटक सरकार राज्य में 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की एक बड़ी योजना पर गंभीरता से विचार कर रही है। छात्रों में तेजी से बढ़ती सोशल मीडिया की लत और नशीली दवाओं के संपर्क में आने के खतरों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। इस अहम मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ चर्चा की और उनसे इस प्रस्तावित प्रतिबंध पर उनकी राय मांगी है। मुख्यमंत्री ने छात्रों के व्यवहार, उनकी शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन के पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

विदेशी तर्ज पर कड़े कदम उठाने की तैयारी: बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कुलपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बच्चे सोशल मीडिया के प्रति जुनूनी हो गए हैं, जो उनके सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोबाइल के माध्यम से बच्चे नशीली दवाओं के जाल में भी आसानी से फंस रहे हैं। सीएम ने ऑस्ट्रेलिया समेत कई अन्य देशों का उदाहरण दिया, जिन्होंने पहले ही छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने जैसे सख्त कदम उठाए हैं। सरकार का मानना है कि मोबाइल फोन के अनियंत्रित इस्तेमाल से छात्रों के आचरण पर बुरा असर पड़ रहा है।

शिक्षाविद्ों की प्रतिक्रिया के बाद लिया जाएगा अंतिम फैसला: कर्नाटक सरकार अन्य देशों की तर्ज पर ही नाबालिग छात्रों को मोबाइल से दूर रखकर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुरक्षित करना चाहती है। इसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए कैंपस में नाबालिग छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर बैन लगाने पर विचार चल रहा है।

# ईरान का कड़ा कदम: यूरोपीय संघ की सेनाओं को आतंकी घोषित किया, परमाणु मुद्दे पर बढ़ा तनाव



**नई दिल्ली :** ईरान ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की नौसेना और वायु सेना को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कदम वर्ष 2019 में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के जवाब में उठाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत बताई गई कार्रवाई: ईरान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा आईआरजीसी के खिलाफ की गई कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध है। मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय पारस्परिक जवाबी कार्रवाई के तहत लिया गया है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि 2019 में अमेरिका द्वारा आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के बाद ईरान ने पारस्परिक कार्रवाई संबंधी कानून के अनुच्छेद 7 के तहत यह कदम उठाया है। इस कानून के अनुसार, जो भी देश अमेरिका के इस निर्णय का समर्थन या अनुसरण करेगा, उसके खिलाफ ईरान पारस्परिक कार्रवाई करेगा।

आईएसआईएस और अल-कायदा की श्रेणी में रखा गया: यूरोपीय संघ द्वारा आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के बाद इसे इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा जैसी आतंकी संगठनों की श्रेणी में रखा गया है। इस निर्णय के बाद दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक तनाव और बढ़ गया है।

परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका: 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद स्थापित आईआरजीसी ईरान की शिया धार्मिक व्यवस्था की रक्षा के लिए गठित की गई थी। समय के साथ इस संगठन ने देश की अर्थव्यवस्था और सशस्त्र बलों में व्यापक प्रभाव स्थापित कर लिया। आईआरजीसी ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों की देखरेख में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अमेरिका और इजरायल का बढ़ता दबाव: इस बीच अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगी देश ईरान पर यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम रोकने के लिए दबाव बनाए हुए हैं। इन देशों ने ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिशों को लेकर चिंता जताई है।

### बड़ा खुलासा: ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में रची जा रही खौफनाक साजिश

# गेम से मासूम बच्चों का ब्रेनवॉश कर रहे आतंकी संगठन

**जयपुर:** डिजिटल दुनिया में अब मासूम बच्चे एक बेहद खतरनाक और अदृश्य खतरे का शिकार हो रहे हैं। राजस्थान साइबर सेल की एक ताजा और चौंकाने वाली रिपोर्ट ने अभिभावकों की नींद उड़ा दी है। इस रिपोर्ट के खुलासे के मुताबिक, कुख्यात आतंकी संगठन अब ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की आड़ में 11 से 17 साल के मासूम बच्चों को अपने नापाक जाल में फंसा रहे हैं। रोब्लॉक्स, माइनक्राफ्ट और डिस्कॉर्ड जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स पर बैठे ये डिजिटल शिकारी पहले बच्चों से दोस्ती गांठते हैं और फिर उन्हें धीरे-धीरे गलत रास्ते पर धकेल कर उनका ब्रेनवॉश करना शुरू कर देते हैं।



**तीन चरणों वाली खतरनाक फनल स्ट्रैटेजी का जाल:** केंद्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट में इस बात का पदार्फाश हुआ है कि सैंडबॉक्स गेम्स, जहां खुली चैट और बहुत अधिक आजादी होती है, बच्चों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं। आतंकी संगठन बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाकर उन्हें एक सोची-समझी फनल स्ट्रैटेजी के तहत फंसाते हैं। इस खतरनाक रणनीति के पहले चरण में गेमिंग चैट रूम के जरिए बच्चों से दोस्ती की जाती है। इसके बाद दूसरे चरण में उन्हें निजी चैट पर शिफ्ट करके छोटे-छोटे टास्क दिए जाते हैं। अंत में, तीसरे चरण के तहत गेम के बहाने बड़े मिशन देकर बच्चे को पूरी तरह से अपने मानसिक नियंत्रण में ले लिया जाता है, जिससे उन्हें खुद भी समझ नहीं आता कि वे किस भयंकर दलदल में फंस चुके हैं।

**अभिभावकों को सतर्क रहने की पुलिस की चेतावनी:** इस गंभीर खतरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद होने के साथ-साथ अभिभावकों को भी आगाह कर रहा है। साइबर सेल के डीआईजी विकास कुमार ने स्पष्ट किया है कि माता-पिता को अब अपने बच्चों की मोबाइल स्क्रीन पर पैनी नजर रखने की सख्त जरूरत है। उन्हें यह देखना होगा कि बच्चा मोबाइल में क्या देख रहा है और किन-किन ऐप्स का इस्तेमाल कर रहा है। बच्चों की हर एक डिजिटल एक्टिविटी की बारीकी से मॉनिटरिंग करके ही उन्हें इस तरह के आपराधिक और आतंकी शिकंजे का शिकार होने से बचाया जा सकता है।

**बच्चों का भविष्य खतरे में:** विधायक बालमुकुंद आचार्य इस पूरे मामले पर राजनीतिक और सामाजिक चिंताएं भी गहरी होने लगी हैं। बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य ने चिंता जताते हुए कहा है कि टीवी और इंटरनेट के इस बदलते दौर में बच्चे मारधाड़ वाले खेलों में ज्यादा रुचि लेने लगे हैं। इन गेम्स के माध्यम से बच्चों के किसी बड़े जाल में फंसने, संदिग्ध लेन-देन और यहां तक कि दुर्घटनाओं की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। उनका कहना है कि जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान देना चाहिए, उस उम्र में इन डिजिटल वायरस के कारण उनकी मानसिकता विकृत हो रही है और उनका भविष्य गहरे संकट में पड़ रहा है।

**बचाव के लिए स्क्रीन टाइम कंट्रोल और मॉनिटरिंग है सबसे जरूरी:** बच्चे अक्सर घंटों अपने मोबाइल में गेम खेलते रहते हैं और माता-पिता से खुलकर कुछ साझा भी नहीं करते, जिससे परिवारों में चिंता काफी बढ़ गई है। एजेंसियों की रिपोर्ट में साफ तौर पर यह सुझाव दिया गया है कि बच्चों को इस दलदल में फंसने से रोकने के लिए सबसे कारगर उपाय उनका स्क्रीन टाइम कंट्रोल करना है। इसके साथ ही, गेमिंग ऐप्स की लगातार मॉनिटरिंग करना और बच्चों से दोस्ताना माहौल में नियमित बातचीत करते रहना बेहद जरूरी है, ताकि वे किसी भी तरह के डिजिटल धोखे का शिकार होने से बचे रहें।

## न्यूज IN ब्रीफ



### 10 नहीं, अब 15% ग्लोबल टैरिफ, झुकने को तैयार नहीं ट्रंप, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी दिखाया तेवर

**एजेंसी/ वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर से बड़ा ऐलान किया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि अब से तुरंत प्रभाव से दुनिया के सभी देशों पर लगने वाला 10 फीसदी टैरिफ बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि कई देश दशकों से अमरीका का फायदा उठाते आए हैं, लेकिन अब उनकी सरकार इसे रोक रही है। आने वाले कुछ महीनों में वे और नए-नए टैक्स तय करेंगे, जो कानूनी होंगे।

उनका मकसद अमेरिका को और भी मजबूत और महान बनाना है- पहले कहीं ज्यादा। इससे पहले ट्रंप ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कोई असर नहीं पड़ेगा और भारत आयात शुल्क देना जारी रखेगा, जबकि यूएस को कोई शुल्क नहीं देना है।

टैरिफ से जुड़े फैसले पर बारीकी से अध्ययन कर रही सरकार

नई दिल्ली: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि सरकार कोर्ट के फैसले और उसके बाद घोषित अमरीकी कदमों के असर का आकलन कर रही है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक घटनाक्रमों का बारीकी से अध्ययन जारी है। मंत्रालय ने कहा कि हमने अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ पर आए फैसले का संज्ञान लिया है।

### शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ी, सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती



**पुणे :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (एनसीपी-एसपी) के प्रमुख और दिग्गज राजनेता शरद पवार के स्वास्थ्य को लेकर एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। लगातार कमजोरी महसूस होने और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद रविवार को उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ नेता को गंभीर खांसी की भी शिकायत है। उनकी लगातार बिगड़ती तबीयत को देखते हुए अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनकी सघन निगरानी कर रही है, जिससे पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और उनके समर्थकों में चिंता का माहौल है।

**सुप्रिया सुले ने साझा की स्वास्थ्य की जानकारी:** शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर उनके स्वास्थ्य से जुड़ा ताजा अपडेट साझा किया है। सुप्रिया सुले ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है कि उनके पिता को आगे की नियमित जांच और हाइड्रेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही उन्होंने समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का आभार भी व्यक्त किया है। परिवार के सदस्य लगातार अस्पताल में मौजूद हैं और विशेषज्ञों की टीम के संपर्क में हैं।

**9 फरवरी को भी अस्पताल में हुए थे भर्ती:** हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब शरद पवार को अस्पताल का रुख करना पड़ा है। इससे पहले 9 फरवरी को भी गंभीर खांसी और सीने में जकड़न के चलते उन्हें इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, कुछ दिनों के इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसके बाद बेटी सुप्रिया सुले उन्हें घर वापस ले गई थीं। अस्पताल प्रशासन ने तब भी इस बात की पुष्टि की थी कि उनकी प्राथमिक समस्या गंभीर खांसी ही है। अब एक बार फिर अत्यधिक कमजोरी महसूस होने के बाद उन्हें एहतियातन मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

**भतीजे के निधन और लगातार दौरों से बढ़ी थकान:** हाल ही में एक दर्दनाक विमान दुर्घटना में शरद पवार के भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया था। इस दुखद घटना के बाद से ही शरद पवार मुंबई, बारामती और पुणे स्थित अपने आवासों के बीच लगातार यात्रा कर रहे थे। माना जा रहा है कि इस निरंतर यात्रा और शोक के माहौल ने उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। गौरतलब है कि शरद पवार कैंसर सर्वाइवर भी रहे हैं। साल 2004 से पहले उनके मुख के कैंसर का ऑपरेशन हुआ था और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने भारत तथा अमेरिका में इस बीमारी से जुड़ी कई सर्जरी करवाई हैं।

### दर्द से फर्श पर तड़पती रही गर्भवती, एचआईवी पॉजिटिव बताकर डॉक्टरों ने डिलीवरी से किया इनकार, हंगामे के बाद जांच शुरू

**सोनपुर :** बिहार के सोनपुर से स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर लापरवाही और अमानवीयता को उजागर करने वाला एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां के अनुमंडलीय अस्पताल में डिलीवरी के लिए आई एक स्वस्थ गर्भवती महिला को अस्पताल कर्मियों ने गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर एचआईवी पॉजिटिव बता दिया और उसे छूने तक से साफ इनकार कर दिया। दर्द से कराहती रही इस महिला के साथ हुए इस दुर्व्यवहार के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और अस्पताल परिसर में भारी हंगामा मच गया। यह पूरी घटना सरकारी अस्पतालों में मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और जांच की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। दर्द से तड़पती रही गर्भवती, पास नहीं फटके स्वास्थ्यकर्मी: प्राप्त जानकारी के अनुसार, नयागांव थाना क्षेत्र की रहने वाली यह गर्भवती महिला अपनी नियमित जांच के लिए पहले भी कई बार इसी अस्पताल में आ चुकी थी। शनिवार सुबह जब उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, तो घबराए हुए परिजन उसे तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने जांच के बाद उसे एचआईवी संक्रमित घोषित कर दिया और डिलीवरी कराने से स्पष्ट मना कर दिया। महिला दर्द से तड़पती रही और उसके परिवार वाले लगातार डॉक्टरों और नर्सों से मदद की गुहार लगाते रहे।

### निकाय चुनाव को लेकर उपयुक्त ने की समीक्षा बैठक, कहा-

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई



**संवाददाता**

**दुमकाः** जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर प्रतिनियुक्त एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी टीमों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आज शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार पूर्णतः समाप्त हो गया है। इसके बाद किसी भी प्रकार की जनसभा, जुलूस, प्रचार-प्रसार, लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार करना प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति,प्रत्याशी इन नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए तत्काल नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से यदि किसी भी प्रकार की नकद राशि, उपहार, वस्तु, शराब या अन्य प्रलोभन सामग्री का वितरण किया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय, बैनर, पोस्टर या प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। इसे सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

**उन्होंने कहा कि सभी टीमों के साथ पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त हैं, अतः** समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से जांच एवं निगरानी अभियान चलाया जाए। आगामी 48 घंटे अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण है ' मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक सभी पदाधिकारी और कर्मी पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता एवं सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो सके।

## मृतक के आश्रित को आयुक्त ने दिया नियुक्ति-पत्र



**दुमकाः** संथाल परगना प्रमंडल, दुमका अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए प्रमंडलीय उप निदेशक, कल्याण कार्यालय द्वारा जिला अनुकम्पा समिति, दुमका की बैठक में लिए गए निर्णय एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, दुमका की अनुशंसा के आलोक में सुश्री रिंकी कुमारी को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

सुश्री रिंकी कुमारी, ग्राम-खुट्टाबांध रोड डंगाल पाड़ा, पो०-दुमका, थानाझ्रदुमका नगर, जिलाझ्रदुमका की निवासी हैं। उनके दिवंगत पिता स्व। कमला राम पथ प्रमंडल दुमका में रात्रि प्रहरी के पद पर कार्यरत थे। दिनांक 08 अगस्त 2020 को उनके आकस्मिक निधन के उपरांत परिवार की आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार की अनुकम्पा नियुक्ति नीति के तहत यह नियुक्ति प्रदान की गई है।

रिंकी कुमारी को निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्त करते हुए बाल विकास परियोजना कार्यालय सरैयाहाट में पदस्थापित किया गया है। उन्हें राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत वेतनमान 5200-20200 (ग्रेड पे 1900, पे लेवल-2) के अनुरूप नियमानुसार वेतन देय होगा।

इस संबंध में संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति सामाजिक न्याय एवं प्रशासनिक संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण है। यह निर्णय सुनिश्चित करता है कि दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को कठिन परिस्थिति में जीवनयापन हेतु संबल प्राप्त हो सके। यह पहल सरकार की मानवीय सोच और कर्मचारी हितैषी नीति को भी प्रतिबिंबित करती है।

# राजू प्रसाद कसेरा ने वार्ड नंबर 4 में चलाया जनसंपर्क अभियान

**संवाददाता**



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 4 में राजू प्रसाद कसेरा ने जनसंपर्क अभियान चलाया । उन्होंने क्रम संख्या 2 में बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह में वोट देने की अपील जनता से की है। वार्ड नंबर 4 में राजू प्रसाद कसेरा ने पेयजल, सड़क,नाली समेत अन्य समस्याओं को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा भुमिहीनों को सरकार द्वारा आवास उपलब्ध करने के लिए प्रयास करना।उन्होंने कहा वार्ड 4 के बेराजगार लोगों को व्यवसाय (व्यापार) के लिए दुकान उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करना है। सभी विद्यार्थियों के आवासीय/जाति/आय एवं चरित्र प्रमाण पत्रों पर तत्काल हस्ताक्षर करना। वार्ड मे रह रहे वैसे लाभुक जिनका वृद्धा, विधवा एव विकलांग पेंसन नही बन पाया है उनका जल्द से जल्द दिलाने का प्रयास करना। वार्ड 4 मे जितने भी महिला समिति है उनको सरकार से कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करना। सभी सरकारी लाभ समय पर लाभुकों को उपलब्ध कराना। सड़क एवं नाली का निर्माण उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा । उन्होंने कहा जनता मुझे एक बार मौका दे, उनके विश्वास पर मैं खरा उतारूंगा। उन्होंने कहा अब तक मैंने अपना सारा जीवन लोक सेवा के लिए समर्पित किया है। हमारी सदा कोशिश रही है लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना। और यह अभियान मेरा आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वार्ड संख्या चार से सभी लोगों से अपील किया कि वह बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह में वोट देकर उन्हें विजय बनाएं। जिससे वार्ड की सभी समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### नगर पालिका आम चुनाव 2026 के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त बैठक

# संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

**देवघरः** नगरपालिका आम चुनाव, 2026 के सफल संचालन को लेकर जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक सौरभ की सयुंक्त अध्यक्षता में बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा करते हुए कुमैठा स्टेडियम से कल होने वाले डिस्पैच और रिसीविंग केंद्रों की व्यवस्था, मतगणना स्थल की तैयारी, सुरक्षा प्रबंधन, कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति और विधि-व्यवस्था से जुड़े पहलुओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



इसके अलावा बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री लकड़ा ने पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच से संबंधित तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी के डिस्पैच के दिन सभी पोलिंग पर्सनल और संबंधित कोषांग के पदाधिकारी-कर्मी ससमय निर्धारित स्थल पर उपस्थित होंगे। साथ ही उन्होंने पोलिंग पार्टी को रवाना करने से पहले संबंधित चालक और वाहन नंबर की जानकारी देने का भी निर्देश दिया। वही पोलिंग पार्टियों की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क बनाया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की परेशानी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पोलिंग पार्टी को न हो। आगे उपायुक्त ने उपायुक्त ने निर्देश दिया कि डिस्पैच प्रक्रिया को निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर किए जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने कल होने वाले डिस्पैच के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए चेकलिस्ट आधारित सत्यापन पर विशेष बल दिए जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता एवं समन्वय बनाए रखने की बात उपायुक्त ने कही। ज्ञात हो कि कल 22 फरवरी को कुमैठा स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

## जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर अपर समाहर्ता ने दिया आवश्यक दिशा- निर्देश



**देवघरः** जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, आपूर्ति विभाग, विभिन्न अंचल व शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावा जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात अपर समाहर्ता श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

## चुनाव में गड़बड़ी करनेवालों पर सख्ती से निबटेगी पुलिस : एसएसपी




**धनबादः** नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस मुख्यालय में एसएसपी प्रभात कुमार ने शनिवार को समीक्षा बैठक की। इसमें सिटी एसपी, सभी डीएसपी, एसडीपीओ, सभी अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदान समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ सक्रिय रहें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। विधि-व्यवस्था बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसएसपी ने कहा कि चुनाव में बाधा उत्पन्न करने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों से पुलिस सख्ती से निबटेगी। एसएसपी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**क्षेत्र में लगातार गश्त और फ्लैग मार्च :** सभी थाना प्रभारियों को पुलिस टीम को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाइक से पेट्रोलिंग के साथ-साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है। ताकि लोग भयमुक्त होकर मतदान करें।

**होटलों व लॉजों में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश :** चुनाव के मद्देनजर जिले के होटलों, लॉज और गेस्ट हाउसों में विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बाहर से आने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान और सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा।

**संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से होगी निगरानी :** संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के साथ कुछ चुनिंदा इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। कई इलाकों में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### लोहरदगा में मुकाबला हुआ दिलचस्प

# मुस्लिम मतदाताओं के रुझान में आए बदलाव से बदला चुनावी समीकरण




**संवाददाता**

**लोहरदगाः** जिले में चुनावी सरगर्मी के बीच राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। खासकर मुस्लिम मतदाताओं के रुझान में आए बदलाव ने इस बार के चुनाव को और अधिक रोचक बना दिया है। आजाद झारखंड उम्मीदवार पवन एक्का ने लगातार जनसंपर्क अभियान के जरिए अपनी स्थिति मजबूत करते दिख रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मिल रही प्रतिक्रियाओं के अनुसार, उन्होंने क्षेत्र में विकास, बुनियादी सुविधाओं और सामुदायिक मुद्दों को लेकर सक्रियता दिखाई है, जिसका असर मतदाताओं पर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के बीच उनकी बढ़ती स्वीकार्यता ने चुनावी समीकरण को नया मोड़ दे दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह बदलाव सीधे तौर पर विपक्षी उम्मीदवारों के लिए चुनौती बन सकता है।

वहीं दूसरी ओर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुजीत विजय आनंद कुजूर के सामने स्थिति थोड़ी कठिन होती दिख रही है। पारंपरिक समर्थन आधार में संभावित कमी की चर्चा तेज है, जिससे उनके चुनावी अभियान पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है।

हालांकि, कांग्रेस समर्थक यह दावा कर रहे हैं कि सुजीत का जमीनी नेटवर्क और अनुभव अब भी मजबूत है और अंतिम समय में मतदाताओं का रुख बदल सकता है।

स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार का चुनाव केवल जातीय या पारंपरिक वोट बैंक तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मतदाता उम्मीदवार की सक्रियता, उपलब्धता और कार्यशैली को प्राथमिकता दे रहे हैं।

कुल मिलाकर, लोहरदगा में चुनावी मुकाबला अब त्रिकोणीय और बेहद प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है। आने वाले दिनों में प्रचार अभियान की तीव्रता और मतदाताओं की अंतिम पसंद ही यह तय करेगी कि जीत किसके हिस्से में जाएगी।

# नगर निकाय चुनावः मतदान कल बूथों के लिये रवाना हुए कर्मी

### निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी,ऑल द बेस्टःजिला निर्वाचन पदाधिकारी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर पलामू के पांचों नगर निकाय में सोमवार को मतदान होना है जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। रविवार को जिले के 246 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी। सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा था,वहीं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की नजर थी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने रवानगी के पूर्व मतदान कर्मियों को किया ब्रीफ,कहा मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल पर पूर्णतया रोक :** डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है यह आप सभी सुनिश्चित करें।मतदान प्रारंभ करने के संबंध में जारी राज्य निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें।सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित रखें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो।उन्होंने सभी से कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी,ऑल द बेस्ट।

# मातृभाषा हमें अपनी जड़ों से जोड़कर रखती है : डॉ संजय

**धनबादः** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) और संबद्ध कॉलेजों में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। विभिन्न संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया गया। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माल्यार्पण और स्वागत गीत से हुई। डॉ सिंह ने कहा कि मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान और जड़ों से जुड़ाव का माध्यम है। नयी शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में शिक्षा पर बल दिया गया है। छात्र-छात्राओं ने विचार रखे और खोरठा भाषा में कविता पाठ किया।



**गुरुनानक कॉलेज में भाषा उत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम :** गुरुनानक कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा भाषा उत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने संथाली, पंजाबी, बांग्ला, खोरठा, उर्दू, नागपुरी और ब्रज भाषा में गीत-कविताएं प्रस्तुत कीं। आदिवासी लोक नृत्य और नागपुरी भाषा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।